अगस्त 2012

मान्नीय महोदय,

सादर जय जिनेन्द्र

आपके सपरिवार कुशलता हेतु हम भगवान चंद्रप्रभु से प्रार्थना करते हैं माह अगस्त 2012 में आपकी इस संस्था में संचालित हुई गतिविधियों एवं प्रगति की जानकारी इस पत्र के माध्यम से आपको प्रेषित कर रहे हैं।

दिनांक 8 एवं 9 अगस्त 2012 को **इंडियन नर्सिंग कौंसिल दिल्ली** की टीम द्वारा **भाग्योदय तीर्थ नर्सिंग कॉलेज** में **जीएनएम** कोर्स प्रारंभ करने बावत् निरीक्षण किया गया। टीम ने प्रशंसा जाहिर करते हुए शीघ्र ही अनुमति देने हेतु आश्वस्त किया है।

दिनांक 15 अगस्त 2012 को मान्नीय वीरेन्द्र जी जैन (पूर्व विधि अधिकारी, सागर) के आतिथ्य में **स्वतंत्रता दिवस का आयोजन** किया गया इस अवसर पर एड. पी.सी. नायक, डॉ. महेन्द्र जैन, श्री सुगम कोठारी, ने अपने उद्बोधन प्रस्तुत कर उपस्थित जन समूह को राष्ट्रहित की रक्षा के लिए नैतिक मूल्यों पर चलने का आहवान किया। समारोह में आपकी संस्था द्वारा संचालित **फॉर्मेसी, नर्सिंग एवं पैरामेडीकल कॉलेज के विद्यार्थियों** ने राष्ट्रभक्ति से परिपूर्ण गीतों एवं नृत्यों के माध्यम से अमर शहीदों को याद करते हुए **सांस्कृतिक कार्यक्रम** प्रस्तुत किए एवं उपस्थित जन समूह की सराहना हासिल की।

दिनांक 16 अगस्त 2012 को हृदय छाती रोग एवं डायबिटीज विशेषज्ञ **डॉ. नितिन जैन (एम.डी. मेडीसिन)** ने **भाग्योदय तीर्थ धर्मार्थ चिकित्सालय** के मेडीसिन विभाग का कार्यभार संभाला। ज्ञातव्य रहे कि पूर्व में डॉ. नितिन जैन आर.डी गार्डी मेडीकल कॉलेज, उज्जैन में असिस्टेंट प्रोफेसर रहे। पश्चात् विवेकानन्द भारत–ओमान रिफायनरी लिमिटेड अस्पताल, बीना के मेडीसिन विभाग में विशेषज्ञ के रूप में अपनी सेवाएं दी।

माह अगस्त विद्यार्थियों के लिए विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश लेने का समय होता है। **भाग्योदय तीर्थ फॉर्मेसी कॉलेज** में बी.फार्म कोर्स में सीट संख्या फुल होने के बाद एम.फार्म कोर्स तथा **भाग्योदय तीर्थ नर्सिंग कॉलेज** में बीएससी नर्सिंग एवं **भाग्योदय तीर्थ पेरामेडीकल कॉलेज** में डीएमएलटी पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ है।

माह अगस्त **2012 में R.———.00 की चेरिटी आपके संस्थान द्वारा मरीजों के लिए की गयी है।**

विगत चार माह से हम आपको लगातार आपकी संस्था की गतिविधियों के बारे में अवगत करा रहे हैं परंतु यह जानकारी आप तक पहुँच भी पा रही है या नहीं इसकी सूचना हमें अप्राप्त है। कृपया हमें 09827250752 पर SMS करके या btct.saugor@gmail.com पर ई मेल करके जरूर सूचित करने का कष्ट करें।

प.पू. 108 आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज की प्रेरणा एवं मंगलाशीष से निर्मित यह संस्थान आपके द्वारा दिये गये सहयोग से ही प्रगति पथ पर अग्रसर हैं तथा सम्पूर्ण बुन्देलखण्ड में पीड़ित मानवता की सेवार्थ जाना जाता है। आपका सहयोग ऐसा ही बना रहे ऐसी हमारी भावना है। पत्र के अंत में आपसे निवेदन है कि संस्था के हितार्थ आपका जो भी मार्गदर्शन हो हमें अवश्य अवगत कराने का कष्ट करें।

भाग्योदय तीर्थ परिवार की ओर से . . .

संतोष खरे

जनसंपर्क अधिकारी